संख्या-121/2022/2725/26-3-2022-4(358)/07 टी.सी.।।।

प्रेषक

डॉ0 रमेश चन्द्र तिवारी,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में

1- निदेशक समाज कल्याण उ0प्र0 लखनऊ।
2- निदेशक जनजाति विकास उ0प्र0 लखनऊ।

समाज कल्याण अनुभाग-3 लखनऊ: दिनांक 24 नवम्बर 2022

विषय: वित्तीय वर्ष/शैक्षिक सत्र 2022-23 हेतु प्रदेश के अन्दर तथा वाह्य प्रदेश में अध्ययनरत उ0प्र0 के मूल निवासी छात्रों हेतु दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति (कक्षा 11-12 एवं अन्य दशमोत्तर कक्षाओं सहित) से सम्बन्धित पाठ्यक्रमों का मास्टर डाटाबेस तैयार करने हेतु विश्वविद्यालय एवं एफिलियेटिंग एजेंसी एवं अन्य को सत्यापन करने हेतु संशोधित समय-सारिणी निर्गत किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक निदेशालय, समाज कल्याण के पत्रांक-3399/स0क0/शिक्षा-अ/7/76/2022-23, दिनांक-22-11-2022 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से वित्तीय वर्ष/शैक्षिक सत्र 2022-23 हेतु प्रदेश के अन्दर तथा वाह्य प्रदेश में अध्ययनरत उ0 प्र0 के मूल निवासी छात्रों हेतु दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति (कक्षा 11-12 एवं अन्य दशमोत्तर कक्षाओं सहित) से सम्बन्धित पाठ्यक्रमों का मास्टर डाटाबेस तैयार करने हेतु विश्वविद्यालय एवं एफिलियेटिंग एजेंसी एवं अन्य को सत्यापन करने हेतु संशोधित समय-सारिणी निर्गत किये जाने का प्रस्ताव उपलब्ध कराया गया है।

2- निदेशक, समाज कल्याण द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्ताव के क्रम में शासनादेश संख्या-47/ 2022/902/26-3-2022-4 (358)/07टी0सी0-III दिनांक 02-05-2022 एवं शासनादेश संख्या-110/ 2022/2283/26-3-2022-4 (358)/07 टी0सी0 III दिनांक 03 अक्टूबर, 2022 द्वारा निर्गत समय-सारिणी में निम्नानुसार संशोधन किया जाता है:-

क्र0सं0	**प्रक्रियात्मक कार्यवाही**	**कक्षा 11-12 एवं अन्य समस्त दशमोत्तर कक्षाओं हेतु वर्तमान समयावधि (2022-23)**	**कक्षा 11-12 एवं अन्य समस्त दशमोत्तर कक्षाओं में प्रस्तावित समयावधि का चतुर्थ प्रस्ताव (2022-23)**
1	**2**	**3**	**4**
1	(2) प्रदेश के अन्दर सम्बन्धित विश्वविद्यालय एवं अन्य एफिलियेटिंग एजेन्सी के नोडल अधिकारी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक (कक्षा 11-12 हेतु) तथा जिला समाज कल्याण अधिकारी (केवल नियमावली में उल्लिखित संस्थानों हेतु) द्वारा शिक्षण संस्था, पाठ्यक्रम, पाठ्यक्रम का प्रकार, सीटों की संख्या एवं फीस आदि को अंकित कर उसकी प्रमाणिकता को डिजिटल हस्ताक्षर से ऑनलाईन सत्यापित करना।	21 नवंबर, 2022 तक।	30 नवम्बर 2022 तक।
2	(2ए) योजनाधिकारी, बाह्य प्रदेश छात्रवृत्ति (अन्य प्रदेशों में स्थित शासकीय एवं शासकीय सहायता प्राप्त संस्थानों हेतु) द्वारा सभी संस्थानों के प्रकार, पाठ्यक्रम, पाठ्यक्रम का प्रकार, सीटों की संख्या एवं फीस का विवरण प्राप्त अभिलेखों के आधार	30 नवंबर, 2022 तक।	08 दिसंबर 2022 तक।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

	पर आनलाइन लाक किया जाना।		
3	(3) प्रदेश के अन्दर सम्बन्धित विश्वविद्यालय एवं अन्य एफिलियेटिंग एजेन्सी के नोडल अधिकारी द्वारा शिक्षण संस्था, पाठ्यक्रम, पाठ्यक्रम का प्रकार एवं अंकित फीस आदि की प्रमाणिकता को संबंधित शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष द्वारा ऑनलाईन सत्यापित करना।	18 अक्टूबर 2022 से 30 नवंबर 2022 तक।	08 दिसंबर 2022 तक।
4	(3ए) जनपदीय छात्रवृत्ति स्वीकृति समिति से पाठ्यक्रम, पाठ्यक्रम के प्रकार, सक्षम स्तर से अनुमोदित सीटों की संख्या तथा सत्यापित फीस का आनलाइन प्रारूप पर अनुमोदन प्राप्त कर जिला समाज कल्याण अधिकारी द्वारा जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी एवं जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी के सहयोग से सभी संस्थानों के प्रकार, पाठ्यक्रम, पाठ्यक्रम का प्रकार, सीटों की संख्या एवं फीस का विवरण (विश्वविद्यालय/अफिलियेटिंग एजेन्सी द्वारा लॉक की गयी सीट संख्या एवं फीस से अधिक लॉक न की जाय) ऑनलाईन लॉक किया जाना।	18 अक्टूबर 2022 से 30 नवंबर 2022 तक।	08 दिसंबर 2022 तक।

अ- विश्वविद्यालय एवं एफिलिएटिंग एजेंसी द्वारा समानान्तर रूप से संबंधित शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्षों एवं जिला समाज कल्याण अधिकारी के साथ-साथ मास्टर डाटा सत्यापित करने की कार्यवाही की जाएगी। जिन विश्वविद्यालय एवं एफिलिएटिंग एजेंसी द्वारा उक्त अवधि में शिक्षण संस्थानों का मास्टर डाटा सत्यापित किया जायेगा, उसे विश्वविद्यालय एवं एफिलिएटिंग एजेंसी द्वारा सत्यापित करने के उपरान्त निर्धारित समयावधि में ही संबंधित शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्षों एवं जिला समाज कल्याण अधिकारी सत्यापित कर सकेंगे।

ब- दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर तथा इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज में आ रही मास्टर डाटा संबंधी समस्याओं के निदान हेतु विश्वविद्यालय/एफिलियेटिंग एजेंसी के माध्यम से सम्बद्ध शिक्षण संस्थानों के मास्टर डाटा को लॉक करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

नोटः- शासनादेश संख्या-47/2022/902/26-3-2022-4(358)/07 टी0सी0 III दिनांक 02 मई, 2022 एवं शासनादेश संख्या-110/ 2022/2283/26-3-2022-4 (358)/07 टी0सी0 III दिनांक 03 अक्टूबर, 2022 को जारी समय-सारिणी में दी गयी समयावधि एवं अन्य शर्तें यथावत रहेगी।

3- उक्त के सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया उपरोक्त संशोधित समय-सारिणी का अपने स्तर से प्रचार-प्रसार कराते हुये सुसंगत छात्रवृत्ति नियमावलियों में उल्लखित प्राविधानों के अनुसार शैक्षिक सत्र 2022-23 में दशमोत्तर योजना का क्रियान्वयन सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

डॉ0 रमेश चन्द्र तिवारी
अनु सचिव।

पृ0सं0- 121 /2022/ 2725 (1)/26-3-2022 तद्दिनांकः-

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- महालेखाकार, उ0प्र0, प्रयागराज।

2- अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव, पिछड़ा वर्ग कल्याण/अल्पसंख्यक कल्याण/वित्त/नियोजन/ मा0शिक्षा/उच्च शिक्षा/ तकनीकी शिक्षा/व्यवसायिक शिक्षा/चिकित्सा शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।

3- समस्त मण्डलायुक्त/जिलाधिकारी, उ0प्र0 द्वारा निदेशक, समाज कल्याण।

4- निदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

5- निदेशक, कोषागार, उ0प्र0लखनऊ।
6- निदेशक, पिछड़ा वर्ग/अल्पसंख्यक कल्याण, उ0प्र0लखनऊ।
7- मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
8- निदेशक, एन0आई0सी0 राज्य इकाई, योजना भवन, लखनऊ।
9- समस्त जिला समाज कल्याण अधिकारी, उ0प्र0 द्वारा निदेशक, समाज कल्याण।
10- गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

डॉ0 रमेश चन्द्र तिवारी
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।